# आकाशवाणी शिमला

## 21.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है क्योंकि भारत एक वैश्विक ऊर्जा के केन्द्र के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप–सोल कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व स्तरीय शासन और नीति बनाने वाले पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

वैश्विक नेतृत्व में सोल के महत्व के बारे में नरेंद्र मोदी ने कहा कि मानव संसाधन राष्ट्र के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय विकसित भारत की दृष्टि को प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील है और देश को उन संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार व कौशल को बढ़ा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सोल उन नेताओं को आकार देगी जो राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप की स्थापना विकसित भारत की यात्रा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**जे पी नड्डा**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च 64 प्रतिशत से घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह गया है। नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संवाद–2025 के 12वें संस्करण को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के साथ–साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और अन्य योजनाओं के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाओं के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च में कमी आई है। उन्होंने कहा कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के उद्देश्य से 2018 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना शुरू की गई थी।

**विक्रमादित्य**

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज चंबा ज़िला के डलहौजी में चर्च बैलून रोड़ पर एक करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पार्किंग भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि डलहौजी शहर अंग्रेजों द्वारा बसाया गया एक ऐतिहासिक खूबसूरत पर्यटक स्थल है और यहां पर देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों को हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पार्किंग भवन में लगभग एक सौ 20 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा विकसित होगी, जिससे निकट भविष्य में यहां आने वाले पर्यटकों के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस पार्किंग परिसर के समीप अर्बन हट्स बनाए जाएंगे जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को ठहरने के लिए आकर्षक व आरामदायक आवास उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि डलहौजी क्षेत्र में रोपवे की संभावनाओं को तलाशा जाएगा। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने जन समस्याएं भी सुनीं।

**एसएमसी शिक्षक**

प्रदेश में मार्च में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले एस.एम.सी. शिक्षक आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। शिमला के चौड़ा मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एसएमसी शिक्षकों का कहना है कि वे नियमितीकरण की नोटिफिकेशन के बाद ही स्कूलों में लौटेंगे। शिक्षकों का कहना हैं कि वे करीब 12 सालों से नियमितीकरण की राह देख रहे हैं और सरकार से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं। एसएमसी शिक्षक संघ के प्रवक्ता निर्मल ठाकुर ने कहा कि एसएमसी शिक्षक दूरदराज क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं और दो सौ के करीब स्कूल इन शिक्षकों के सहारे चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के दस हजार पद खाली हैं और सरकार की मंशा एस.एम.सी. शिक्षकों को नियमित करने की नहीं है।

**पठानिया**

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने आबकारी व खनन नीति में बदलाव कर 2 हजार करोड़ रूपए से अधिक का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया।

---